# रामेश्वरी देवी राज0 स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय
# भरतपुर (राज0)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की XII वीं योजनान्तर्गत
आयोजित

# सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगितायें

दिसम्बर, 2016

सत्र 2016-17

विद्ययाऽमृतमश्नुते

**श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम**
**उपाचार्य**

**डॉ0 अशोक कुमार बंसल**
**प्राचार्य**

आयोजन कर्त्ता

## सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति

रामेश्वरी देवी राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय
भरतपुर

# Rameshwari Devi Govt. Girls' P.G. College, Bharatpur

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बारहवीं योजनान्तर्गत

## सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति

द्वारा

## आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता

दिसम्बर 2016

**प्राचार्य**
डॉ0 अशोक कुमार बंसल

**समिति प्रभारी**
श्रीमती मधु शर्मा

**कार्यक्रम अधिकारी**
डॉ. शिल्पीदीप माथुर

**उपाचार्या**
श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम

**समिति सदस्य**
डॉ. मीनू अरविन्द अग्रवाल
डॉ. लालाशंकर गयावाल
डॉ. कविता आचार्य
डॉ. शशि प्रभा

**प्रभारी यूजीसी**
डॉ. करूणा गौर

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | शीर्षक | पृष्ठ संख्या- |
|---|---|---|
| १. | प्राचार्य का संदेश | – |
| २. | उपाचार्य का संदेश | – |
| ३. | आभार समन्वयक द्वारा | – |
| ४. | कार्यक्रम विवरण | – |
| ५. | आगन्तुकों का विवरण | – |
| ६. | गतिविधियों का विवरण | – |
| ७. | प्रतियोगिता के विषय | – |
| ८. | प्रतियोगिता के परिणाम | – |
| ९. | अनुबन्ध | |
| | • प्रतिभागी छात्राओं के नाम | – |
| | • कार्यक्रम के छायाचित्र | – |
| | • समाचार पत्रों की झलकियाँ | – |



डॉ0 अशोक कुमार बंसल
प्राचार्य
रामेश्वरी देवी राज. स्नातकोत्तर
कन्या महाविद्यालय, भरतपुर।

## प्राचार्य का संदेश

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि UGC (CRO) के XII[th] योजना के अन्तर्गत सांस्कृतिक साहित्यिक समिति द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह आयोजन छात्राओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने के साथ विभिन्न सामाजिक मुद्दों, कुरूतियों एवं संस्कृति को जानो के साथ–साथ मनोरंजक रहा है।

मैं इन गतिविधियों के सकल आयोजन हेतु सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

प्राचार्य
डॉ. अशोक कुमार बंसल



श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम
उपाचार्या
रामेश्वरी देवी राज. स्नातकोत्तर
कन्या महाविद्यालय, भरतपुर।

## उपाचार्य का संदेश

UGC (CRO) की XII वीं योजना के अन्तर्गत सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं छात्राओं के लिए विशेष रूप से लाभदायक रहीं।

इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में नेतृत्व गुणों का विकास करने के साथ–साथ अपनी संस्कृति को जानने में भी विशेष लाभदायक रहता है। छात्राओं को अपनी अभिक्षमता, अभिरूचियों, योग्यताओं को पहचानने का अवसर मिलता है।

मैं सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के सभी सदस्यों को आयोजन की सफलता हेतु बधाई एवं रिपोर्ट पत्रिका प्रकाशन हेतु शुभकामनाऐं देती हूँ।

उपाचार्या

श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम

# आभार

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बारहवी योजना के अन्तर्गत सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु महाविद्यालय के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति को प्रतियोगितायें आयोजित करने का आमंत्रण मिला। समिति सदस्यों से विचार विमर्श के बाद विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सामाजिक कुरितियों पर आधारित नुक्कड़ नाटक, विचित्र वेशभूषा, लोकगीत गायन तथा ,कोलाज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम आयोजन की स्वीकृति हेतु प्राचार्य एवं उपाचार्य महोदय का सादर आभार। इस कार्यक्रम का संयोजन डा. शिल्पीदीप माथुर ने किया साथ ही समिति सदस्यों में डॉ. मीनू अरविन्द अग्रवाल, डॉ. लालाशंकर गयावाल, डॉ. कविता आचार्य, डॉ. शशि प्रभा एवं श्रीमती रेखा शर्मा एवं डा. अलका गोयल का विशेष सहयोग रहा। यूजीसी प्रभारी डा. करूणा गौर, सदस्य डा. अंजु पाठक का सहयोग सराहणीय रहा। आप सब का धन्यवाद। छात्राओं का उत्साह वर्धन प्रेरणास्पद रहा है। कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में न्यू हॉल में आयोजित किया गया। ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में नई उर्जा का संचार होता है। एतदर्थ यूजीसी का आभार।

श्रीमती मधु शर्मा

प्रभारी

सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति

# कार्यक्रम विवरण

| | |
|---|---|
| दीपप्रज्वलन | |
| अतिथियों का स्वागत | |
| स्वागत भाषण | श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम, उपाचार्य |
| प्रतियोगिता का परिचय | डा. शिल्पीदीप माथुर |
| **प्रतियोगिता आरम्भ** | |
| नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता | छात्राओं की प्रस्तुति |
| लोकगीत गायन प्रतियोगिता | छात्राओं की प्रस्तुति |
| विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता | छात्राओं की प्रस्तुति |
| विशिष्ठ अतिथि का उद्बोधन | श्री शिवसिंह भोंट, महापौर |
| मुख्य अतिथि का उद्बोधन | श्री बिजय बंसल, विधायक |
| अध्यक्षीय भाषण | डा. अशोक कुमार बंसल, प्राचार्य |
| धन्यवाद ज्ञापन | डा. करूणा गौर, प्रभारी यूजीसी |

# आगन्तुकों का विवरण

**मुख्य अतिथि**

**श्री विजय बंसल, विधायक, भरतपुर विधान सभा क्षेत्र**

**विशिष्ठ अतिथि**

**श्री शिवसिंह भोंट, महापौर नगर निगम, भरतपुर**

प्राचार्य

**डॉ. अशोक कुमार बंसल**

उपाचार्या

**श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम**

# गतिविधियों का विवरण

एवं

# प्रतियोगिताओं के विषय

## नुक्कड नाटक प्रतियोगिता

- निःशुल्क चिकित्सा जाँच एवं दवा योजना
- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
- स्वच्छता अभियान
- बालिका शिक्षा
- सर्वशिक्षा अभियान
- जल संरक्षण

## विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता

- प्रान्तीय वेशभूषा
- क्षेत्रीय वेशभूषा
- विभिन्न वर्गों की वेशभूषा

## लोकगीत गायन प्रतियोगिता

- ब्रजलोक गीत
- राजस्थानी लोक गीत
- मांगलिक लोक गीत

## कोलाज प्रतियोगिता

- प्रान्तीय वेशभूषा पर आधारित

# प्रतियोगिता के परिणाम

## नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता

**प्रथम निर्मल एण्ड पार्टी रही**

जिसमें राधा कुमारी, प्रियंका, काजल, राजवाला, रीना शामिल थे।

**द्वितीय स्थान जयापाल समूह रही**

जिसमें सीमा शर्मा, शालिनी शर्मा, वंशिका अग्रवाल, नम्रता, शिवानी, आरती गोला एवं मोनिका शामिल रही।

**तृतीय स्थान उषा एवं समूह रही**

जिसमें शिवानी, पूजा शर्मा, सोनम, गायत्री, चंचल एंव पूनम सैनी शामिल रही।

## विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता

प्रथम स्थान पर निर्मल कुमारी

द्वितीय स्थान पर साक्षी तथा

तृतीय स्थान पर मोनिका सिंघल रही।

## लोकगीत गायन प्रतियोगिता

प्रथम अभिलाषा अग्रवाल

द्वितीय कविता पाराशर तथा

तृतीय स्थान पर चारूल सिंघल रही।

## कोलाज प्रतियोगिता

प्रथम गुड्डी देवी

द्वितीय इन्दु

तृतीय मिती शर्मा एवं पूजा शर्मा

विजेताओं को अंत में पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये।

# <u>सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति</u>

समिति द्वारा दिनांक 21.12.16 को महाविद्यालय में यू.जी.सी. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 12 वीं योजना के तहत सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक श्री विजय बंसल, विशिष्ठ अतिथि नगर निगम के मेयर श्री शिवसिंह भोंट, प्राचार्य डॉ. अशोक बंसल, उपाचार्या श्रीमती राजलक्ष्मी द्वारा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इसमें नुक्कड नाटक, विचित्र वेशभूषा, एवं लोकगीत गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने निःशुल्क चिकित्सा जाँच एवं दवा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान बालिका शिक्षा, सर्वशिक्षा अभियान, बालिका शिक्षा आदि के प्रसार के साथ सामाजिक कुरूतियों को दूर करने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। छात्राओं ने अपनी नुक्कड़ नाटक की प्ररतुति द्वारा राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुँचाने के लिए शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रस्तुति पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिल्पी दीप माथुर ने किया, धन्यवाद ज्ञापन यू.जी.सी. प्रभारी डॉ. करूणा गौर ने किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. रमेश वर्मा, डॉ. सीता राम लहरी, श्रीमती रेखा शर्मा, डॉ. अंजु पाठक, डॉ. अंजना कौल, श्रीमती साधना शर्मा एवं डॉ. सरोज थे।

प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे –

नुक्कड़ नाटक में <u>प्रथम</u> निर्मल एण्ड पार्टी रही जिसमें राधा कुमारी, प्रियंका, काजल, राजवाला, रीना शामिल थे।

द्वितीय स्थान जयापाल समूह रहा जिसमें सीमा शर्मा, शालिनी शर्मा, वंशिका अग्रवाल, नम्रता, शिवानी, आरती गोला एवं मोनिका शामिल रही।

तृतीय स्थान उषा एवं समूह रहा, जिसमें शिवानी, पूजा शर्मा, सोनम, गायत्री, चंचल एंव पूनम सैनी शामिल रही।

विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निर्मल कुमारी, द्वितीय स्थान पर साक्षी तथा तृतीय स्थान पर मोनिका सिंघल रही।

लोकगीत गायन प्रतियोगिता में प्रथम अभिलाषा अग्रवाल, द्वितीय कविता पाराशर तथा तृतीय स्थान पर चारूल सिंघल रही।

कार्यक्रम में समिति सदस्य डॉ. मीनू अरविन्द अग्रवाल तथा डॉ. लाला शंकर गयावाल, कविता आचार्य ने सहयोग प्रदान किया।

इसी कार्यक्रम में 20 जन0 2017 को एक कॉलाज प्रतियोगिता का आयोजन समिति प्रभारी मधु शर्मा के निर्देशन में किया गया जिसका विषय – "प्रान्तीय वेशभूषा" रखा गया। जिसमें छात्राओं ने अपनी कल्पना शक्ति का भरपूर प्रयोग कर विभिन्न प्रकार से भारत के विभिन्न प्रान्तों, राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों की महिला एवं पुरूष की वेशभूषा को रचनात्मक एवं कलात्मक तरीके से चार्ट पर कॉलाज के रूप में प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. शशि प्रभा, श्रीमती साधना शर्मा एवं डॉ. सरोज थे। विजेताओं को अंत में पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये।

प्रथम स्थान प्राप्त नाटक का आलेख.........................................

# स्वच्छ भारत अभियान (नाटक)
## दृश्य नं.–1

पात्र– महात्मा गांधीजी

भारत माता

इन्दिरा जी

समस्त भारतवासियों सहित स्वतंत्रता सेनानी।

नाथू राम गोडसे

(रघुपति राघव राजा राम............भजन गाते हुए गांधी जी बैठे हुए चरखा चला रहे है।) तभी भारत माता बापूजी के पास आती है। गांधी जी खडे होकर हाथ जोडकर–

**गांधी जी–** प्रणाम भारत मॉ।

मुझसे आप क्या चाहती है।

**भारतमाता–** बेटा मुझे इस गुलामी के बन्धनों से आजाद करों साथ ही मुझे इस गंदगी से मुक्त करो बेटा। मेरा सांस लेना भी मुश्किल हो गया है।

**गांधीजी–** जरूर–मॉ–जरूर (इन्दिरा का प्रवेश)

आओ बेटी इन्दिरा आओं। कैसे आई

**इन्दिरा–** नमस्ते बापूजी आपको पिताजी ने अधिवेशन में बुलाया है। (समस्त स्वंत्रता सेनानी)–(वन्दे मातरम्,. वन्दे मातरम्, वन्दे मातरम् बोलते हुए गांधी के साथ मंच पर घूमते है।)

(समस्त भारत वासियों के लिए)

**गांधीजी–** मेरे प्रिय भारतवासियों, जागो और जगाओं, देश के ,खातिर एक हो जाओं। आओं हमस ब मिलकर सत्य और अहिंसा के बल पर भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करें।

(वन्दे मातरम–2 भारत माता की जय)

(बैठ के सबसे)–

हमारे देश के लिए जितनी जरूरी स्वतंत्रता है उतनी ही जरूरी स्वच्छता भी है। हमारे देश की नदियॉ, तालाब, परिवेश, घर–बहार सब कुछ स्वच्छ होना जरूरी है। आओ हमस ब मिलकर गंदगी को दूर करें देश को स्वच्छ बनाये। क्योकि स्वच्छता ही प्रगति का पहला मंत्र है।

(नाथू राम गोडसे द्वारा गोली मारकर हत्या/गांधीजी की मूर्ति स्थापित कर माला पहनाना)

**(समस्त भारत वासियो द्वारा दृढ संकल्प करना)**

गांधीजी के इस सपने को हमस ब मिलकर साकार करेगें।

(महात्मा गांधी की जय)

**गाना–** स्वच्छ भारत का इरादा, इरादा, कर लिया हमने
देश से अपने वादा, ये वादा कर लिया हमने
स्वप्न गांधीजी का साकार करना है
स्वच्छ, सुन्दर देश, घर, संसार करना है
स्वच्छ भारत का इरादा, इरादा कर लिया हमने
देश से अपने वादा, ये वादा कर लिया हमने।

**पात्र–** चौधरी जी, शर्माजी, रामूकाका, अन्य लडकें।

## दृश्य नं.–2

**(सब मिलकर)–**

बधाई हो जी बधाई हो, सगाई की बधाई हो, आपको भी जी आपकों भी, नगजर न लगे छोरे को (बलाईयां लेते हुए)

**(कोई एक)–** अरे भई, किस बात की बधाई दे रहे हो

**(अन्य)–** अरे लड़की बालो ने रिश्ता तोड़ दिया पांचवी बार जी– पॉचवी बार

**(कोई एक)–** क्यो ?

**(अन्य)–** अरे लड़की बालो का कहना है कि इसकी कॉलोनी में गंदगी है बदबू है। (नाक पकड़कर)

हॉ भाई, अब तो खुशबू क्या है, बदबू क्या फर्क ही नजर नहीं आता। आदत सी हो गई है।

**(एक लड़का)–**अरे बेरहमो, मेरी सगाई टूट गई है और तुम लोग हंस रहे हो।

**(दूसरा)–** अरे तेरी कॉलोनी में कचडा है या कचडे में कॉलोनी पता ही नहीं लगता।

(सब लोग आपस में चर्चा करते हुए)– चलो चौधरी के पास चलते है।

**चौधरी जी–** हाय राम (सिर पर हाथ रखकर बैठे हुए)

**शर्मा जी–** क्या हुआ चौधरी जी, आज चाय नही पी रहें क्या?

टरे रामू काका चौधरी जी के लिए चाय लाओ

**रामू काका–** ये लो जी चाय

**चौधरी जी–** अरे शर्मा जी काहे की चाय (प्याली को सरकाकर)

**शर्मा जी–** (कन्धे पर हाथ मारकर ) क्या बात है चौधरी जी आप तों चाय के बडे दीवाने थे, आज चाय को भी हाथ नहीं लगा रहें।

**चौधरी जी–** छोरा की संगाई छूट गई पांचवी बार

(धरती पर हाथ मारकर)

**(कोई अन्य)–** तो क्या हुआ, आपकी कॉलोनी में गुप्ता जी की सातवी बार छूट गई। सुना है, सगाई बालो का कहना है आपकी कॉलोनी में गंदगी है।

**चौधरी जी–** तो क्या हुआ गंदगी तो आजकल सभी जगह है, अरे भईया सच तो यह कि आजकल लड़की वाले सर पें चढ गये है।

**शर्मा जी–** क्यो नहीं चढेगे बेटी बचाओं, बेटी पढाओं जैसे कार्यक्रमों के तहत सभी बेटिओं के हर मामले में जागरूक हो गये हैं। यही नही, सरकार ने अनेको निः शुल्क योजना सुरक्षा योजना। इसे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सुधार लाने हेतु 12 सितम्बर 2011 मे शुरू किया गया। जिसके अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को 30 दिन तक सरकारी चिकित्सा संस्थानो में निःशुल्क जॉच, उपचार, रक्त, भोजन एवं परिवहन सम्बन्धी समस्त सेवाऐ प्रदान की जा रही है।

**चौधरी जी–** हॉ भइया ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रो में रहने वाली प्रसूताओं एवं शिशुओं के लिए 2 अक्टूबर 2012 से 400 नये बाहनों के साथ " जननी एक्सप्रेस सेवा" सुविधा प्रारम्भ की गई है। योजनाओं की कमी नही भईया, कमी है तो सिर्फ जागरूकता की। एक हम अपनी कॉलोनी वालों से दुःखी है। वे जागरूक है हि नहीं।

**शर्मा जी–** बैसे चौधरी जी, आप अपने घर का कचड़ा फेकतें कहॉ है।

**चौधरी जी–** सुन भईया, शर्मा जी, (खडे होकर)

जैसे रात होती है न अंधेरा–गुप हो जाता है। जब मुझे तू न दिखे और तुझे मैं न दिखू (दो अंगूलियों का इशारा ऑखों की तरफ करते हुए) तब अपनी छोरी से कहता हूँ, ऐ छोरी यहाँ आ (झटके से) ये जो कूडा है, उसे कलुआ के द्वारा पे फेकया, फिर अपनी लुगाई कूँ दिखाता हूँ कि देख कचडों फिख गयों।

**अन्य–** (हॅसकर) हो तो बढिया करें पर................

चौधरीजी– पर.....क्या पर

**अन्य–** पर ..... आप दूसरो के घर कचड़ा फेक देते है तो आपके यहॉ कहॉ से आता है।

**चौधरीजी–** (हंसकर) सही पकडे तो पतो कलुआ–प्रेमसिंह की घुट रही है और मेरे लिए तो एक है, यही तो बात है मै जैसा इन लोगों के साथ करता हूँ ये वैसा ही मेरे साथ करते है मै दो थैली फेंखता हूँ वो चार थैली फेख जाते है, बस चारो तरफ कचडे की मारा–मारी है।

**सब मिलकर–**

"जैसा करोगें, वैसा भरोगे
कूडा फेंकोगे, तो कूडा पाओगे।"

"जी हॉ, स्वच्छ भारत अभियान के तहत हमारा एक कदम स्वच्छता की ओर

## दृश्य नं.–3

**पात्र–** कृछ लडकें।

(पेट पर हाथ फेरते हुए)

**कोई एक–** अरे वॉ, क्या दावत थी, खाने का तो मजा ही आ गया।

**दूसरा–** क्या खाना था। यार मैनें तो कुछ और खाया ही नही मेरा पेट तो चाट–पकौडी से भर गया। बाकी सब कचडा पात्र में।

**सब –** हॉ यार मैने भी, (दूसरा) मैने भी यही किया।

**तीसरा–** अरे वॉ खाना नही खया तो कचडे पात्र में डाल दिया वैसे एक बात तो सोचो हमसे ज्यादा दावत तो कचड़े–पात्र में खाई होगी (सभी एक साथ हॅसकर)

**प्रेरणा बिन्दुः–** आप भी यही करते है न, क्या आप जानते है कि दिल्ली में 343 टन खाने की वेस्टता उसी तरह होती है, हमें जान लेना चाहिए कि बढती जनसंख्या वृद्धि के कारण कृषि योग्य भूमि को निरन्तर आवासीय भूमि में बदला जा रहा है, जिसके कारण खाद्यान्नो की कमी होती जा रही है। हम लोग भाग्यशाली है जो 2 वक्त की रोटी आसानी से प्राप्त कर लेते है लकिन ढ़ाणियों, कच्ची बस्तियों, निम्नवर्ग के लोगो के लिए एक जून की रोटी जुटाना भी दूभर काम है।

## दृश्य नं.–4

**पात्र–** पंण्डितजी, अन्य लोग

(गंगा नदी का दृश्य चुन्नी लहराकर बनाते हुए)(पं. स्नान करने का अभिनय)

**अन्य लोग–** पंण्डित जी पूजा करवा दों

**पंण्डित जी–** हॉ पुत्र आओ, घी डालो, फूल डालो. 'जय गंगे भइया 551 निकालों।

**अन्य लोग–** पण्डित जी 500 और 1000 के नोट तो बन्द हो गये

**पण्डित जी–** तो दो हजार निकालो।

यह योजना गलत नाहे बेटा, जिस तरह तुम यहॉ पूजा करवाने आऐ हो ताकि तुम्हारे पाप निकल जाएं, उसी तरह यह योजऩा बेटा ताकि दुनिया को कालेधन निक़ल जाए।

(गंगा नदी के दूसरी ओर गंदगी या कारखानों का अपशिष्ट पदार्थ फेकते हुए)

**प्रेरणा बिन्दु–** देखो एक तरफ तो लोग पूजा–पाठ में लगे हुए है, तो दूसरी तरफ चमडे उघोगो से क्रोमियम जैसा जहर गंगा नदी में बहाया जा रहा है, आपसे मै यही पूछना चाहता हूॅ क्या यही श्रद्धा है। गणेश चतुर्थी जैसे उत्सवों पर हम यह भूल जाते है कि जिन मूर्तियो का हम विसर्जन करते है वे पी.ओ.पी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) से बनी होती है। जो चर्म रोग , कैंसर जैसी बीमारियो को बढावा देते है।

हमारी ऑखे है, मगर देखते नही, देखते है तो कुछ करते नही। कोई भी कार्य मुश्किल हो सकता है लेकिन नामुकिन नही, शुरूआत हमें स्वयं से करनी चाहिए।

अगर हम कूड़ा, घर की हरी सब्जियों, फलो आदि के छिलके, पेड पौधो की सडी हुई पत्तियों आदि को यदि जमीन मे गढढा , खोदकर छः महीने के लिए दफना दें तो हम कचड़े को सोना बनाकर कपोस्ट खाद तैयार कर सकते है जो फसल के लिए उपयोगी होता है।

हमें यह जान लेना चाहिए कि छोटी–2 बाते ही बडे–2 कारनामों कों अन्जाम देती है।

"आओं मिलकर कदम उठाऐं

जन–2 को हम यही सिखाऐं

न कूडा हो न हो गंदगी

मिलकर अपना फर्ज निभाऐं–3

## दृश्य–5

**पात्र**– राजू, राम, धर्मेन्द्र

(रेल्वे स्टेशन के दृश्य का अभिनय)

**धर्मेन्द्र**– ऐ भाई रामू यो बता या पट्री पें कौनसी गाड़ी आवें।

**रामू**– तो ना पतो राजधानी एकसप्रेस।

**धर्मेन्द्र**– अच्छा, चल राजू तू बता या पट्री पें कौनसी गाडी आवें।

**राजू**– या पें, बान्द्रा एक्सप्रेस।

**धर्मेन्द्र**– न, तुम्हें न पतो या पे तो धन्नो बाल्टी लेके आवे और या पें हरिया लोटा ले के आवें।

(दो लोग हाथ में बाल्टी, लोटा लेकर मंच पर आते हुए)

ले, आ भी गयें, रूकिये आप क्या सोचते है कि बहार शौच जाने से गंदगी बहार जाती है बल्कि सारी बीमारियां अन्दर आती है। और फिर स्वच्छ भारत अभियान के तहत सरकार शौचालय बनवाने में आप लोगो। कि मदद भी कर रही है तो आप भी जाइये, अपने परिवार को भी ले जाइये।

**टीम का नाम**–

निर्मल, प्रियंका शर्मा, राधा सोलंकी, राधा कुमारी, रीना कुमारी, राजवाला।

**कक्षा बी.ए. पार्ट प्रथम**

# सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति (21.12.16 एवं 20.01.17)

महाविद्यालय में यू.जी.सी. की VII योजना के अर्न्तगत विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें नुक्कड नाटक, लोक गायन प्रतियोगिता, विचित्र वेशभुषा एवं कोलाज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता महाविद्यालय की सभी छात्राओं के लिए रखी गयी। जिसमे निम्नलिखित छात्राओं ने भाग लिया।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कु निर्मल | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 2. | प्रियंका शर्मा | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 3. | राधा सोलंकी | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 4. | काजल गोयल | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 5. | राजबाला | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 6. | रीना बघेल | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 7. | टेस्मा | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 8. | हेमा जयसवाल | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 9. | काजल सिंघल | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 10. | कनक कुमारी | बी.ए.पार्ट द्वतीय |
| 11. | अनुराधा | बी.ए.पार्ट द्वतीय |
| 12. | पुजा शर्मा | बी.ए.पार्ट द्वतीय |
| 13. | नेहा गर्ग | बी.ए.पार्ट द्वतीय |
| 14. | गौरी | बी.ए.पार्ट द्वतीय |
| 15. | दीपिका | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 16. | उषा कुमारी | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 17. | प्रियंका | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 18. | स्वाति | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 19. | पूजा | बी.ए पार्ट प्रथम |
| 20. | साक्षी जैन | बी.ए पार्ट तृतीय |
| 21. | प्रिया | बी.ए पार्ट तृतीय |
| 22. | ऋचा शर्मा | बी.ए पार्ट तृतीय |
| 23. | रूबी गुप्ता | बी.ए.पार्ट द्वतीय |
| 24. | साक्षी जिंदल | बी.ए.पार्ट द्वतीय |
| 25. | करिश्मा | बी.ए.पार्ट द्वतीय |
| 26. | जयापाल | बी.कॉम प्रथम |
| 27. | सीमा शर्मा | बी.कॉम प्रथम |
| 28. | शालिनी अग्रवाल | बी.कॉम प्रथम |
| 29. | वंशिका अग्रवाल | बी.कॉम प्रथम |

contd.......

| | |
|---|---|
| 30. नम्रता | बी.कॉम प्रथम |
| 31. शिवानी | बी.कॉम प्रथम |
| 32. आरती गोला | बी.कॉम प्रथम |
| 33. मोनिका सिंघल | बी.कॉम– प्रथम |
| 34. उषा कुमारी | बी.ए.पार्ट–तृतीय |
| 35. शिवानी | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 36. पूजा शर्मा | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 37. सोनम | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 38. गायत्री गुर्जर | बी.एस.सी पार्ट–तृतीय |
| 39. चंचल कुमारी | बी.एस.सी पार्ट–द्वतीय |
| 40. पुनम सैनी | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 41. रूपाली सिंह | बी.एस.सी. पार्ट–प्रथम |
| 42. चारू सिंघल | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 43. ज्योति जयसवाल | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 44. सुमिता कुमारी | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 45. ब्रजेश कुमारी | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 46. प्रियंका | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 47. हेमा गौड | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 48. क्षमा | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 49. कविता पराशर | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 50. क्षमा चौधरी | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 51. लक्ष्मी कुमारी | बी.ए.पार्ट–प्रथम |
| 52. नमिता अग्रवाल | बी.ए.पार्ट–तृतीय |
| 53. पूजा शर्मा | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 54. शिवानी शर्मा | बी.ए.पार्ट.–द्वतीय |
| 55. कनक कुमारी | बी.ए.पार्ट–प्रथम |
| 56. पूनम सैनी | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 57. गुड्डी देवी | बी.ए.पार्ट–तृतीय |
| 58. आशा आर्य | बी.ए.पार्ट–प्रथम |
| 59. प्रीति कुमारी | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 60. इंदु | बी.ए.पार्ट–द्वतीय |
| 61. राजबाला | बी.ए.पार्ट–प्रथम |
| 62. मिति शर्मा | बी.ए.पार्ट–प्रथम |

उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं के अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमो में महाविद्यालय के विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय की सभी छात्राओं ने कार्यक्रम का लुफ्त उठाया एवं छात्राओ का उत्साहवर्धन करते हुए मनोरंजन भी किया।

( नुक्कड़ नाटक )






( नुक्कड़ नाटक )






( ਨੁੱਕੜ ਨਾਟਕ )





(नुक्कड़ नाटक)





(लोकगीत गायन....)



( विचित्र वेशभूषा )



( विचित्र वेशभूषा )



( लोकगीत गायन )



( लोकगीत गायन )



कोलाज ......



कोलाज.....





दैनिक भास्कर 22 दिस 2016 भरतपुर



भरतपुर. आरडी गर्ल्स कालेज में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम में नृत्य करती छात्रा।

# नुक्कड़ नाटक व वेशभूषा में निर्मल और लोकगीत में अभिलाषा प्रथम

## रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

भास्कर संवाददाता | भरतपुर

आरडी गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 12वीं योजना के तहत सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं दवा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान, बालिका शिक्षा, सर्व शिक्षा अभियान आदि के प्रचार प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं की गईं। इसके साथ ही विचित्र वेशभूषा एवं लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक विजय बंसल थे। विशिष्ट अतिथि नगर निगम के मेयर शिवसिंह भोंट, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार बंसल, उपाचार्य राजलक्ष्मी गौतम रहे। कार्यक्रम में राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम:** निर्णायक मंडल में डॉ. रमेश शर्मा, डॉ. [illegible] लहरी, रेखा शर्मा, डा. अनु पाठक, अंजना कौल, साधना शर्मा, डॉ. सरोज थे। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम निर्मल एवं समूह द्वितीय जयापाल एवं समूह तथा तृतीय उषा एवं समूह रहीं। विचित्र वेषभूषा प्रतियोगिता में प्रथम निर्मल द्वितीय साक्षी तथा तृतीय मोनिका सिंघल रहीं।

लोकगीत प्रतियोगिता में प्रथम अभिलाषा, द्वितीय कविता पाराशर तथा तृतीय चारूल सिंघल रहीं। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के सदस्यों में डा. मीनू अरविंद अग्रवाल, डा. लालाशंकर गयावाल, डा. कविता आचार्य ने सहयोग प्रदान किया। साथ ही संकाय सदस्यों में डा. शशि प्रभा गुप्ता, डा. सुजाता चौहान, डा. रजनी वशिष्ठ, डा. केके गुप्ता, डा. अलका गोयल, डा. मधु अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वर्षा कुमारी एवं पल्लवी शर्मा ने अपनी नृत्य प्रस्तुतियां दीं। संचालन डा. शिल्पी दीप माथुर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. करूणा गौर ने किया।

पत्रिका 22 दिस 2016

# बेटी बचाओ व स्वच्छता अभियान पर हुई प्रतियोगिता

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 12वीं योजनान्तर्गत सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के अन्तर्गत राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनायें जैसे निःशुल्क चिकित्सा जाँच एवं दवायोजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान, बालिका शिक्षा, सर्वशिक्षा अभियान आदि के प्रचार प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई इसके साथ ही विचित्र वेशभूषा एवं लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम विधायक विजय बंसल के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार बंसल की अध्यक्षता एवं उपाचार्य श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम के सानिध्य में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि नगर निगम महापौर शिवसिंह भौंट थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय बंसल ने राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को नुक्कड नाटकों द्वारा प्रस्तुति पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने महाविद्यालय की समस्याओं के समाधान के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जिसका समाधान किया जायेगा। विशिष्ट अतिथि शिवसिंह भौंट ने छात्राओं की प्रस्तुति को सराहा। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ० अशोक कुमार बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 12वीं योजना के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान के सौजन्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उपाचार्य श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम ने समारोह को मील का पत्थर मानते हुए छात्राओं की प्रस्तुति को सराहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिल्पीदीप माथुर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. करूणा गौर ने किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार बंसल ने बताया कि राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने हेतु नुक्कड नाटकों के माध्यम से छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया जिसमें निःशुल्क चिकित्सा जाँच एवं दवायोजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, स्वच्छता अभियान, बालिका शिक्षा, सर्वशिक्षा अभियान आदि पर सुन्दर प्रस्तुति दी जिससे अन्य छात्रायें भी प्रेरित होंगी। निर्णायक मण्डल में डा. रामेश वर्मा, डा. सीताराम लहरी, श्रीमती रेखा शर्मा, डा. अंजु पाठक, श्रीमती अंजना कौल, श्रीमती साधना शर्मा, डा. सरोज थे।